>

Title: Need to provide adequate compensation and employment to the displaced persons of Bokaro Steel Plant in Dhanbad Parliamentary Constituency in Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): सभापति महोदय, बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों की जमीन, जो कि बी.एस.एल. के द्वारा पचासों वर्ष से अनुपयोगी है, उस जमीन पर करीब 50 हजार लोग झुग्गी-झोंपड़ी बनाकर रह रहे हैं, जो बोकारो स्टील प्लांट, हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, बोकारो में काम करने वाले ठेकेदार, मजदूरी करने वाले तथा रोज रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब तबके के लोग हैं। उन्हें हटाने के लिए बी.एस.एल. ने सार्वजनिक नोटिस दिया है, जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। सभी विस्थापितों को अभी तक उचित मुआवजा और नियोजन भी नहीं दिया गया है।

अतः सदन के माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि बी.एस.एल. के विस्थापितों को उचित मुआवजा एवं नियोजन अविलम्ब दिया जाये तथा झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले 50 हजार घरों को दिल्ली तथा मुम्बई के जैसे नियमित किया जाये।

MR. CHAIRMAN:

Shri Ravindra Kumar Pandey is allowed to associate himself with Shri Pashupati Nath Singh on this issue.